प्रबंध निदेशक, जमशेदपुर, ७ जून २०१३

जुस्को, जमशेदपुर ।

विषय : विगत एक सप्ताह से कदमा के भाटिया पार्क, फार्म एरिया एवं अन्य क्षेत्रों में सफाई व्यवस्था ठप होने के बारे में ।

महाशय,

उपर्युक्त विषय में कदमा के नागरिकों से सूचना मिलने के बाद मैने जुस्को के कतिपय जिम्मेदार अधिकारियों से इस बारे में जानकारी लिया तो उन्होने मेरी सूचना को सम्पुष्ट किया और बताया कि स्थानीय विधायक की दबंगई के कारण कदमा के कई क्षेत्रों में सफाई का काम बंद हो गया है । यह दुर्भाग्यपूर्ण है और इसके लिये जुस्को की अनैतिक कार्य संस्कृति जिम्मेदार हो जो जनहित और जनसुविधा के मामले में भेदभाव बरतते रहती है तथा लाभ और लोभ का मार्ग अपनाती है ।

मुझे इससे मतलब नहीं है कि कम्पनी कब और किस काम के लिये किसे क्या और कितना देते रहती है । पर जब जब कम्पनी राजनीतिक रसूख वाले दबंगों को लाभ पहुँचाकर, उन्हें लोभ दिखाकर और जनविरोधी औजार के रूप में उनका इस्तेमाल कर सर्वसामान्य जन का हक़ छीनने लगती है तो मुझे इससे मतलब जरुर हो जाता है । यह मामला भी उसी श्रेणी का है । भाटिया पार्क में टहलने वाले, फार्म एरिया एवं कदमा के अन्य क्षेत्रों में रहने वालों को साफ़-सफाई का वैधानिक हक़ है । आखिर कम्पनी नागरिकों का यह हक क्यों छीन रही है । कम्पनी अपनी बुद्धिमता और बेशर्मी से जिसे जो चाहे सौगात में देती रही, जिससे जब और जैसी चाहे नैतिक- अनैतिक सौदेबाजी करती रहे, किसी के सामने भूखा भेड़िया और किसी के सामने भींगी बिल्ली बनते रह पर कृपा करके आम लोगों का हक़ न छीने । आम लोगों का हक़ छीनने और उनके पेट पर लात मारने की कोशीश होगी तो मेरे जैसे लोगों को सामने आना पड़ेगा, इसमें कम्पनी की चाहे जो मजबूरी हो । मैं जानना चाहता हूँ कि आखिर कदमा के कतिपय इलाकों में सफाई का काम आखिर क्यों बन्द है ? इसमें कम्पनी की क्या मजबूरी है ? क्या मज़दूरों ने हड़ताल कर दिया है ? यदि ऐसा है तो उनकी

क्या माँगे हैं ? उनसे वार्ता की पहल हुई है या नहीं ? क्या सफाई ठेकेदारों की कोई समस्या है ? ऐसा है तो समाधान के क्या उपाय कम्पनी कर रही है ? क्या किसी ने कम्पनी पर दबाव डालने के लिये ऐसा किया है ? तब कम्पनी ने क्या तय किया है , दबाव में झुकना या जनता के हित में क़दम उठाना ?

महोदय, कल सुबह से कदमा के प्रभावित क्षेत्रों में सफाई का काम हर हालत में शुरू होना चाहिये। इसके लिये ज़रूरत पड़े तो कम्पनी सफाई ठेकेदार बदले। कोई असमंजस है तो कम्पनी वह भी बताये। यदि कल से सफाई का काम शुरू नहीं हुआ तो भाजपा की कदमा - सोनारी इकाई को जनता के पक्ष में खड़ा होकर जुस्को के खिलाफ़ सीधी कारवाई पर उतरना पड़ेगा और इसकी पूरी जिम्मेदारी जुस्को के वरीय पदाधिकारियों की होगी।

सधन्यवाद ,

भवदीय

सरयू राय